III Semester B.Com. Examination, November/December 2017
(F+R) (2016 – 17 and Onwards) (Semester Scheme) (CBCS)
LANGUAGE HINDI – III
Natak, Sarkari Patra aur Sankshepan

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्यांश में लिखिए : (10×1=10)

1) कालीकट के हिंदू राजा का नाम क्या था ?

2) किस अंग्रेज को हिंदुस्तान के समुद्री रास्ते का नक्शा मिल गया था ?

3) इतिहास लेखक टारेन्स ने कौन-सी पुस्तक लिखी है ?

4) 'अलख आजादी की' नाटक के रचनाकार का नाम क्या है ?

5) आखिरी मुगल सम्राट कौन था ?

6) अंग्रेजों ने प्लासी की लड़ाई में किसे पराजित किया ?

7) असहयोग आंदोलन की शुरुआत किसने की ?

8) पंजाब केसरी कौन थे ?

9) सत्ता का हस्तान्तरण कराने के लिए इंग्लेंड से भारत कौन आए थे ?

10) आज़ाद हिंद फौज़ का गठन किसने किया ?

II. किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्यख्या कीजिए : (2×6=12)

1) यह तो हम अंग्रेजों की लगन, मेहनत और बहादूरी का नतीजा है ।

2) फिरंगियों ने जो दुर्दशा हमारी की है, वैसा तो कभी नहीं हुआ ।

3) हमें जनता के बीच जाना होगा । उनके साथ सभाएँ-मीटिंग करनी होगी । उन्हें बताना होगा – गुलामी का मतलब क्या है ? अंग्रेज किस प्रकार हमारा सर्वनाश कर रहे हैं ?

4) हिंदुस्तानियों को यह पसंद नहीं कि आप उनके बारे में कोई फैसला करें ।

III. 'अलख आजादी की' नाटक का सारांश लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 12

अथवा

'अलख आज़ादी की' 'नाटक में मौजूदा हालात पर चिन्ता । अंग्रेज़ हुक्मरानों के खिलाफ हिन्दुस्तानियों की जंग-ए-आज़ादी, कुर्बानियों और संघर्षों के दृश्य बड़ी संवेदनाशीलता के साथ दर्शाया गया है'- इस कथन को सिद्ध कीजिए ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (1×6=6)

1) विदूषक ।

2) ब्रिस्टल बंदरगाह का शराबखाना ।

V. कोई **दो** पत्र लिखिए : (2×10=20)

1) सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार, नई दिल्ली की ओर से अवर सचिव, उच्च शिक्षा मंत्रालय कर्नाटक सरकार को एक सामान्य सरकारी पत्र लिखिए जिस में राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम जारी करने की दिशा में सुझाव माँगा गया हो ।

2) उपसचिव, गृहमंत्रालय भारत सरकार की ओर से, सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को आतंकवाद को रोकने के लिए ठोस उपाय करने की सूचना देते हुए एक परिपत्र लिखिए ।

3) समाज कल्याण मंत्रालय, कर्नाटक सरकार के मुख्य सचिव श्री परागधीर आई.ए.एस. को 25 दिन का उपाजित अवकाश प्रदान किया गया था, अवकाश समाप्ति पर उनकी सेवाएँ 30 नवंबर, 2017 से सूचना व प्रसारण मंत्रालय को सौंप दी गयी है । इस संबन्ध में गजट में प्रकाशनार्थ एक अधिसूचना का प्रारूप तैयार कीजिए ।

VI. निम्नलिखित गद्यांश का उचित शीर्षक देते हुए **एक तिहाई** शब्दों में संक्षेपण कीजिए : 10

सांस्कृतिक एकता की स्थापना में भारत के धर्मों एवं सम्प्रदायों का महत्वपूर्ण सहयोग है । अन्य देशों के धर्मों में जो असहिष्णुता देखी जाती है, वह उनमें छू तक नहीं गयी है । भारत के किसी धर्म या जाति को बल प्रयोग से मिटाने की कल्पना तक नहीं हुई । यहाँ आनेवाली प्रत्येक जाति का अस्तित्व बना है । प्रत्येक जाति को अपने-अपने विश्वास के अनुसार इस विश्व के सृष्टा को देखने, समझने तथा मानने,

कहने की स्वतंत्रता सदैव रही है । इसी धार्मिक सहिष्णुता के कारण यहाँ का साधारण किसान–मज्दूर तक यह समझता है कि उपासना के सभी मार्ग अंत में एक ही ईश्वर के समीप पहुँचते हैं । इसी से ऊपर से अलग–अलग प्रतीत हो रहे पन्थों के होते हुए भी भारत के सामान्य धार्मिक जीवन में आज भी प्रचीन काल से कोई परिवर्तन नहीं दिखाई पड़ता । इसी सहिष्णुता के फलस्वरूप यहाँ के निवासी एक दूसरे के विचारों को समझने के लिए प्रयत्नशील रहे । उन्होंने निरन्तर एक दूसरे से बहुत कुछ लिया–दिया । इसी ने इस विशाल देश को एक राष्ट्र का रूप प्रदान किया । आज देश को इसी समन्वय की ओर प्रवृत्त करने वाली सहिष्णुता की सबसे अधिक आवश्यकता है, जिससे प्रदेश, भाषा और जाति के भेदों के कारण उत्पन्न हो रहे विलगाव के भाव दबायें जा सकें और देश की राष्ट्रीयता और एकता अखण्ड रहे ।